एस. एस. जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर

दिनांक 22.02.2025

अतिआवश्यक सूचना

महाविद्यालय प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ छात्रों द्वारा व्यक्तिगत तौर पर अनाधिकृत रूप से चित्तौडगढ़ भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है एवं उनसे राशि का संग्रहण भी किया जा रहा है। इन छात्रों की पहचान कर ली गई है तथा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही भी शीघ्र अमल में लाई जायेगी।

आप सभी विद्यार्थियों को भी सख्त हिदायत दी जाती है कि इस प्रकार के किसी भी अनाधिकृत भ्रमण कार्यक्रम में भाग न लें एवं न ही ऐसे व्यक्ति का साथ देवें तथा इस प्रकार के आयोजनकर्ताओं की सूचना तुरन्त महाविद्यालय प्रशासन को देवें ताकि उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सकें। यदि छात्र फिर भी इस प्रकार के अनाधिकृत कार्यक्रमों में सहभागिता रखते हैं तो वे स्वयं इसके जिम्मेदार होंगे।

महाविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो महाविद्यालय विभागाध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित संकाय के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है तथा महाविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट www.subodhpgcollege.com पर सूचना को अपलोड किया जाता है। विद्यार्थी महाविद्यालय बेवसाईट नोटिस को ही अधिकृत मानें।

22/2/2025

प्रो.(डॉ.) रेणु जोशी
प्राचार्या

Scanned with CamScanner